## सार-समाचार

### भण्डारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गुड़ामालानी**, (निसं)। कृषि विज्ञान केन्द्र, गुडामालानी में शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संसथान, जयपुर द्वारा प्रायोजित एवं भण्डारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित एक दिवसीय भण्डारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बी. एल.मीणा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, गुडामालानी,बाडमेर द्वारा की गई तथा मील व्यापारियों एवं किसानों को भण्डारण के महत्व एवं कटाई उपरांत होने वाले नुकसान की रोकथाम पर चर्चा की। राहुल सांखला, सलाहकार, राष्ट्रीय कृषि विपणन संसथान, जयपुर ने भण्डारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण द्वारा विभिन्न प्रकार की सरकारीयोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. बाबू लाल जाट, पादप संरक्षण विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र,गुडामालानी, बाडमेर ने भण्डारण में लगने वाले विभिन्न कीटों पर चर्चा की। उन्होंने बताया की कटाई के उपरांत फसल की उपज को भंडार ग्रहों में रखा जाता है। डॉ. विकास कुमार, प्रसार शिक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि किसानों को प्रसार शिक्षा के माध्यम से अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जा सकती है तथा किसानों को अधिक से अधिक संख्या में भाग ले कर इस प्रकार की जानकारी हासिल करनी चाहिए। जिससे कि भंडारण में कीट एव बीमारियों द्वारा जो नुकसान होता है उसको कम किया जा सके। मनोहर लाल मीणा, मुख्य प्रबंधक एवं राम लाल सैनी, सहायक प्रबंधक, एस बी आई बैंक, गुडामालानी ने बताया कि ई एन डब्लू आर के माध्यम से किसान अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त कर सकते। उन्होंने विभिन्न प्रकार की बैंक संबंधित तथा सरकारी अनुदान योजनाये किस तरह से किसान को अपनी उपज का सही समय पर अच्छा मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

### विहिप की दो दिवसीय बैठक आज से

**जोधपुर**, (कासं) । विश्व हिन्दू परिषद की केन्द्रीय प्रबंध समिति की दो दिवसीय बैठक शनिवार से जोधपुर में प्रारंभ हो रही है। इसमें विभिन्न ज्वलंत विषयों पर चर्चा की जाएगी। विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने बताया कि बैठक में धर्मातरण पर रोक, मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति, जनसंख्या असंतुलन, स्वरोजगार, स्वावलंबन, सेवा, समरसता, गौरक्षा, शरणार्थी हिंदुओं को नागरिकता की प्रगति की समीक्षा तथा कुम्भ की तैयारियों के साथ महिला सशक्तिकरण, कुटुंब प्रबोधन व हिन्दू जीवन मूल्यों पर निरंतर होते आघातों के विषय में चर्चा किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बैठक में, संगठन की दृष्टि से बने देशभर के सभी 47 प्रांतों से विहिप, बजरंगदल, दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति से जुड़े लगभग 340 केन्द्रीय, प्रांतीय व क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे हैं। रातानाडा स्थित माहेश्वरी जनोपयोगी भवन में आयोजित इस बैठक में भारत के बाहर के देशों से भी परिषद के पदाधिकारी भाग लेंगे।
उन्होंने बताया कि आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना को 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में विहिप के षष्टिपूर्ति वर्ष के समापन कार्यक्रमों की कार्ययोजना भी इस बैठक में बनेगी। बैठक में विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, राम मंदिर अयोध्या के महासचिव व विहिप उपाध्यक्ष चंपत राय, केन्द्रीय महामंत्री संगठन मिलन्द परांडे, सुरेन्द्र जैन सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी भाग लेंगे।

### ओम बिड़ला आज जोधपुर आएंगे

**जोधपुर**, (कासं) । लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला शनिवार को जोधपुर आएंगे। वे जोधपुर में एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से होने वाले हाईकोर्ट प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे शनिवार सुबह जोधपुर पहुंचेंगे। बिड़ला का दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने के बाद जोधपुर का पहला दौरा होगा। भाजपा जिलाअध्यक्ष देवेंद्र सालेचा ने बताया- मोदी सरकार के तीसरे टर्म में दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने के बाद पहली बार बिड़ला के जोधपुर आने पर स्वागत किया जाएगा। एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ता , जिला पदाधिकारी, मंडल, मोर्चा के पदाधिकारी सहित बूथ स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि डाली बाई स्थित अमृतम पैलेस में कल एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से सुबह 11 बजे हाईकोर्ट प्लेटिनम जुबली के तहत सेमिनार का आयोजन होगा। 'न्याय प्रणाली के सशक्तिकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर सेमिनार में मुख्य वक्ता और समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सभापति ओम बिरला होंगे। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के जज, सुप्रीम कोर्ट के जज भी पहुंचेंगे।

### 'अनुपयोगी वस्तुओं का त्याग करें'

**जोधपुर**, (कासं) । भैरू बाग पार्श्वनाथ जैन तीर्थ जोधपुर में चातुर्मासिक धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य तत्वदर्शन सूरिश्वर ने कहा कि हमारी दैनिक दिनचर्या में ना जाने कितने जीवों की हिंसा होती है। इससे बचने के लिए जीवन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधियों को विवेकपूर्ण ढंग से जयणा करते हुए प्रमार्जन आदि का ध्यान रखना चाहिए जिससे सूक्ष्म जीवों की हिंसा के लगने वाले पापों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जरूरत से ज्यादा परिठाह भी नहीं रखना चाहिए। उन्होंने जीवन में उपयोग नहीं आने वाली वाली वस्तुओं के त्याग करने पर भी बल देते हुए बेवजह ही दोष एवं पाप का भागीदार नहीं बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा सामायिक करते वक्त चित की चंचलता नही होनी चाहिए। सामायिक संपूर्ण विधि के साथ विवेकपूर्ण तरीके से संयम रखते हुए करनी चाहिए। तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव जगदीश गांधी ने बताया कि सिद्धि तप शुरू करने वाले तप आराधकों के लिए सामूहिक उत्तर पारणा करवाया गया।

### सपूतों को दी श्रद्धांजलि व राष्ट्रगान गाया

**पाली**, (नि.सं.)। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य मे मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम हुये। प्रातः 11.15 विद्यार्थी,कार्मिक शिक्षक एवं आंगतुक विद्यालय कार्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम के लिए एकत्रित हुये। प्रातः 11.16 से 11.18 तक कारगिल युद्ध में शहीद हुए मां भारती के सपूतों को श्रृंद्धाजंली देने के लिए उनकी स्मृति में 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा गया। 11.18 से 11.20 तक शहीदों की शहादत एवं देशभक्ति के जयघोष, निनाद हुआ। प्रातः 11.20 से 11.25 तक संस्था प्रधान जयशंकर त्रिवेदी द्वारा विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध में सैनिकों की वीरता एवं शहीदों के बलिदान से परिचित करवाया गया। प्रातः 11.25 : एक स्वर में राष्ट्रगान गाया गया। बच्चों ने विभिन्न सास्कृतिक कार्यक्रम के साथ नाट्यय मंचन के द्वारा अपनी प्रस्तुती दी। शिक्षकों ने वीरों के बलिदानों की चर्चा की श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जयेश शर्मा, आशीष व्यास, विष्णु सैन, कशिश त्रिवेदी , सुरभी श्रीमाली, वीणा लखारा, पूजा कंवर सहित कई जनों ने भाग लिया।

### शिवनाथ धाम में सत्संग 29 को

**जोधपुर**, (कासं) । जिले के भोपालगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के रजलानी ग्राम पंचायत के शिवनाथ नगर गांव के पास शिवनाथ पहाड़ी पर स्थित सिद्ध संत शिवनाथ महाराज के धाम पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी श्रीशिवनाथ सत्संग सेवा मंडल छापला की ओर से आगामी 29 जुलाई को वार्षिक सत्संग समारोह एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता नवलसिंह जोधा ने बताया कि सोमवार को सुबह 9.15 बजे से शाम 5.15 बजे तक क्षेत्र के रतकुडिय़ा भाकर स्थित लोकसंत सद्गुरु भोलारामजी महाराज की देवरीधाम के पीठाधीश महंत रमैयादास साहेब व शिवनाथ धूणे की साध्वी सुखियाबाई के सानिध्य में कई साधु-संत भजन-कीर्तन व सत्संग करेंगे। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीण कार्यकर्ता एवं आश्रम के साधक पूरे जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### शहीदों की याद में किया पौधारोपण

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण क्षेत्र के खेतोलाई गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतोलाई में शुकवार को कारगिल विजय दिवस पर शारीरिक शिक्षा प्रभारी व्याख्याता महिपाल के निर्देशन में राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सामूहिक श्रद्धांजलि देकर वीरों के सम्मान में राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर शहीदों की याद में प्रधानाचार्य विष्णुकुमार छंगाणी ने बिल्व पत्र के पौधों को विद्यालय परिसर में लगाया। इस कार्यकम में मूलचंद सेन,श्रवण कुमार,सुमेरनाथ,मनोज कुमार,राकेश विश्नोई,भागीरथ ने शहीदों की शौर्य गाथाओं पर वार्ताएं दी। कार्यकम को सफल बनाने में अशोक ,सुनील, तेजप्रकास,सुखराम,सुआ ,सविता,हर्षिता ने सहयोग प्रदान किया।

### गर्ग जालोर जिले के दौरे पर 27 को

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 27 जुलाई को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगश्वर गर्ग 27 जुलाई को सायं 4 बजे उदयपुर से प्रस्थान कर सायं 7 बजे भीनमाल पहुंचेंगे। जहां वे एडवोकेट स्वर्गीय जगदीश परमार के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देंगे। तत्पश्चात् रात्रि 8 बजे भीनमाल से बाड़मेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जलदाय कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, कासं) । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के निजीकरण करने संबंधी सरकार की कार्यवाही का विरोध तेज होता जा रहा है। जलदाय विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने शुक्रवार को रैली निकालकर जोधपुर में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया।

जलदाय विभाग के निजीकरण का संयुक्त संघर्ष समिति, कर्मचारी संगठनों ने विरोध जताया है। विभाग के कार्मिकों के साथ अधिकारी वर्ग भी अब विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रहे है। शुक्रवारक को उन्होंने रैली निकालकर विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि बोर्ड बनाने से नहीं रोका तो बड़ी संख्या में कर्मचारी इसका विरोध करते हुए जयपुर स्थित जल भवन का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले के बाद निजी कंपनियां प्रदेश में पेयजल सप्लाई की जिमेदारी संभालेंगी। इसके लिए राजस्थान वाटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन का नए सिरे से गठन भी किया जा सकता है। ऐसी संभावना है कि आरडब्ल्यूएसएससी के जरिए ही निजी कंपनियां प्रदेश में पेयजल आपूर्ति करेंगी। जलदाय मंत्री आरडब्ल्यूएसएससी की बैठक भी ले चुके हैं। ऐसी स्थिति में सभी कर्मचारी इस काले कानून का पुरजोर विरोध कर रहे है। बोर्ड निगम लागू होने से विभाग एक निकाय के रूप में दर्ज हो जाएगा। जिस पर राज्य सरकार का परोक्ष रूप से कोई नियंत्रण नहीं रहेगा और सरकार के स्वामित्व में पंजीकृत एजेंसी या कपनी के रूप में कार्य करेगा।

## एमईएस ठेकेदारों ने रोष जताकर विरोध दिवस मनाया

सैन्य इंजीनियर सेवा रक्षा मंत्रालय की कथित रूप से ठेकेदारों के खिलाफ नीतियों के विरोध में आज एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से देशभर में विरोध दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में जोधपुर शाखा की ओर से भी मुख्य अभियंता मुख्यालय जोधपुर जोन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

काउंसिल मेंबर रणजीत मल सिंघवी ने बताया कि एमईएस ठेकेदारों की कई मांगे पिछले लंबे समय से लंबित है, लेकिन उन मांगों का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। इसलिए आज पूरे देशभर में एमईएस ठेकेदारों ने विरोध दिवस मनाया।

उन्होंने बताया कि इन मुख्य मांगों में विभाग की ओर से जो परफॉर्मेंस सिक्योरिटी ली जाती है वह काम खत्म होने के बाद 50 प्रतिशत रिफंड की जानी चाहिए लेकिन विभाग परफॉर्मेंस सिक्योरिटी को रिफंड नहीं कर रहा है, वही ई क्लास से लेकर एसएस क्लास तक के ठेकेदारों की जो टेंडर लिमिट है उसको पिछले 15 सालों में नहीं बदला गया है। जिससे कई ठेकेदार उच्च श्रेणी में नहीं जा पा रहे हैं, वहीं हाल ही में विभाग की ओर से कंप्रेसिव मेंटेनेंस प्रोठााम चलाया है वह ई क्लास ठेकेदारों के लिए काफी घातक है और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

काउंसिल मेंबर राजीव चौधरी ने बताया कि कई ई क्लास ठेकेदार पिछले कई वर्षों से विभाग के साथ जुडक़र काम कर रहे हैं, लेकिन विभाग इन ठेकेदारों को दरकिनार कर बिना किसी मापदंड के नए ठेकेदारों को आधी से भी कम दरों पर काम दिया जा रहा है, जो ना तो गुणवत्ता के साथ कार्य करते हैं ना ही उन्हें किसी प्रकार का अनुभव है, ऐसे में विभाग के अधिकारियों को इस तरह की कार्यप्रणाली पर विराम लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देशभर में एक दिन का विरोध प्रदर्शन किया है और आने वाले समय में मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो टूल डाउन हड़ताल करेंगे और अनिश्चित कालीन हड़ताल का भी निर्णय लिया जा सकता है।

# सुविधा क्षेत्र व व्यावसायिक भूखंडों की ई-नीलामी 20 से

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के कुशल नेतृत्व में प्राधिकरण की आय के स्त्रोत बढ़ाने हेतु विभिन्न आवश्यक कदम उठाते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।

प्राधिकरण द्वारा माह अगस्त से अक्टूबर 2024 तक प्राधिकरण क्षेत्राधिकार के विभिन्न आवासीय क्षेत्र में स्थित सुविधा क्षेत्र एवं व्यावसायिक भूखंडों की भव्य ई-नीलामी की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निदेशक वित्त जेडीए दशरथ कुमार सोलंकी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा भव्य ई-नीलामी के अन्तर्गत दिनांक 20 अगस्त से आवासीय क्षेत्र में स्थित सुविधा क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों यथा क्लब हाउस, स्कूल, डिस्पेंसरी, ट्रेनिंग सेन्टर, किंडर गार्टन, कम्युनिटी सेंटर सहित प्राधिकरण की रामराज नगर में स्थित व्यावसायिक भूखण्डों को भव्य ई-नीलामी के जरिये विक्रय किया जाएगा।

ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी में राजस्व ग्राम पाल राजगुरू एन्कलेव, राजस्व ग्राम सालावास आदित्य इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, राजस्व ग्राम पाल आयुशी एवेन्यु, राजस्व ग्राम झालामण्ड आषापूर्णा अनमोल मुख्यमंत्री जन आवास योजना, ग्राम बासनी बाघेला सुषान्त लोक, राजस्व ग्राम उचियारड़ा, राजस्व ग्राम बनाड़, राजस्व ग्राम भैंसेर कुतडी एम.एस.एम.ई योजना स्थित सुविधा क्षेत्र एवं रामराज नगर सेक्टर-1 स्थित व्यावसायिक भूखंडों की नीलामी होगी।

वहीं जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर में प्रति माह के द्वितीय गुरूवार को प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में प्रातः 11:00 बजे जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जनसुनवाई के दौरान प्राधिकरण के समस्त अधिकारी उपस्थित रहेंगें

प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा ने बताया कि आमजन के विभिन्न कार्यों एवं प्रकरणों के त्वरित गति से निस्तारण एवं निराकरण हेतु जेडीसी उत्साह चौधरी द्वारा जनसुनवाई प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को की जाएगी। आवेदकों एवं आमजन द्वारा जनसुनवाई में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं प्रकरण के बारे में अवगत कराया जा सकता है।

## किसानों ने मीणा को ज्ञापन दिया

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुडामालानी तहसील कार्यालय के सामने शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए किसानों ने मुख्यमंत्री एवं मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई के नाम उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा को ज्ञापन दिया ।

भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष खेताराम सियाग ने बताया कि खरीफ और रबी 22,23 बीमा क्लेम वह 22,23 आदान अनुदान खरीफ व रबी का बकाया होने के कारण सरकार का ध्यान इस और आकर्षित करने के लिए एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया।

दिए गए ज्ञापन में बताया कि बीमा क्लेम रबी 2022 एवं 2023 मौसमी आपदा के चलते गुडामालानी तहसील सहित जिले भर में जीरा इसबगोल की फसलो को भारी नुकसान हुआ था। जिसका बीमा क्लेम अभी तक नही दिया गया है।

## भाजपाइयों ने जताई खुशी

**बालोतरा**, (निसं)। राज्यसभा सांसद मदन राठौड के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है

भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मदन राठौड की नियुक्ति के समाचार से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई कार्यकर्ताओ ने कहा कि जोधपुर संभाग से भाजपा के वरिष्ठ नेता राठौड की नियुक्ति हमारे क्षेत्र के लिए बहुत बडी खुशी हैं। राठौड को विधायक अरुण चौधरी ने दुरभाष के माध्यम से शुभकामना दी। नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन, पूर्व सभापति प्रभा सिंघवी, जिला मंत्री खेताराम प्रजापत, शंकर भाटी, पार्षद कांतिलाल घांची, नगराज प्रजापत, हनुमान घांची, विमल मालवीय, प्रवीण खत्री सहित कई कार्यकर्ताओं ने राठौड के मनोनयन पर खुशी जाहिर की है।

# अवैध हथियार निर्माण के कारखाने पर कार्रवाई हुई

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा के निकट पचपदरा पुलिस ने शुक्रवार को हस्तनिर्मित अवैध टोपीदार बंदुकें, बारूद, छर्रे, टोपियां सहित बंदुक निर्माण सामग्री व औजार बरामद कर सप्लायर को गिरफ्तार किया।

बालोतरा कुंदन कंवरिया आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा ने बताया कि थानाधिकारी पचपदरा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा सरहद घडोई नाडी, जानियाणा में अवैध हथियार निर्माण के कारखाने की आसूचना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए हस्तनिर्मित तीन टोपीदार बंदुक, बारूद, छर्रे, टोपियां, तीन नाल व अवैध बंदुकों का निर्माण करने के लिए सहायक सामग्री व औजार बरामद कर अवैध बंदुक निर्माता मुलजिम पपुराम को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।

पुलिस को मुखबिर सुचना मिली कि सरहद घडोई नाडी जानियाणा में अवैध बंदुकों का निर्माण किया जा रहा है. वगैरा ईत्तला पर अमराराम निपु थानाधिकारी पचपदरा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर घर में अवैध रूप से संचालित हथियार निमार्ण के कारखाने पर दबिश दी गई। मुलजिम पपुराम के कब्जे से बिना किसी वैध लाईसेंस व परमिट के अवैध रूप से हस्तनिर्मित तीन टोपीदार बंदुक, बारूद की पुडी, 11 छर्रें, पीतल की 18० टोपियां, तीन नाल, अवैध बंदुकों का निर्माण करने के लिए सहायक अन्य सामग्री, वैल्डिंग मशीन सहित औजारों को बरामद कर अवैध बंदुक निर्माता मुलजिम पपुराम पुत्र डुंगराराम जाति भील निवासी घडोई नाडी, जानियाणा पुलिस थाना पचपदरा जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारसुदा मुलजिम पपुराम से अवैध हथियार निर्माण की सामग्री व खरीद फरोख्त के संबंध में गहनतापूर्वक अन्वेषण पुछताछ जारी है। गिरफ्तारसुदा मुलजिम पपुराम पुत्र डुंगराराम जाति भील उम्र 46 साल पैशा मजदुरी निवासी घडोई नाडी, जानियाणा पुलिस थाना पचपदरा जिला बालोतरा निवासी है।

## बजरी माफिया के विरोध में पत्रकार एकजुट हुए

**रेवदर**,(निसं )। सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में दो दिन पहले बजरी माफियाओं द्वारा एक पत्रकार के साथ की गई बदसलूकी और धक्का मुक्की की घटना को लेकर आज पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे सिरोही इकाई की बैठक रेवदर स्थित बूढेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रमसिंह करनोत ने इस घटना की कडी निंदा करते हुए सभी पत्रकार साथियों को एकजुट होने का आव्हान किया। साथ ही करनोत ने कहा कि बजरी माफिया की इस कायराना हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सभी पत्रकार महेन्द्र धर्माणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कानूनी लडाई लडेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत ने कहा कि पत्रकारों के होने वाले अन्यायों के खिलाफ आईएफडबल्यूजे संगठन पहले भी खडा था, आज भी खडा है और भविष्य में भी खडा रहेगा। बजरी माफिया अगर किसी पत्रकार को खबरें रोकने के लिए डराने धमकाने का कार्य किया जाएगा तो पत्रकार उस माफिया के काले कारनामों की परत दर परत खोलने में कमी नहीं रखेगा।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश बोहरा, रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष लेहरचंद पुरोहित, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अकरम मेहर ने भी सभी साथियों को एक जुटता दिखाकर इस घडी में पत्रकार साथी के साथ खडे होने का आव्हान किया।

जिला प्रवक्ता हेमंत अग्रवाल ने बताया कि बैठक के बाद सभी पत्रकार साथी रेवदर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां डिप्टी रूपसिंह इंदा को ज्ञापन सौंप कर प्रकरण में निष्पक्ष जांच करने की मांग रखी।

डिप्टी रूपसिंह इंदा ने कहा कि मामले में एक एक पहलू और एक एक बिंदु पर बारीकी से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ पत्रकार मनोज चौरसिया, मगन प्रजापत, दिनेश बोहरा, डूंगाराम पुरोहित, हरीश गोयल, सुजान सिंह वडवज, लहरचन्द पुरोहित,अकरम मेहर, वागसिंह गोहिल,विक्रम रावल, नटवर खंडेलवाल, प्रवीण पुरोहित, अशोक घांची,भेराराम देवासी,उकाराम देवासी, रमेश माली, महेन्द्रसिंह नागाणी, आबिद खान, महावीर सिंह भटाना, रमेश कुमार माली,अल्ताफ सोढा, हकीमखान, मुकेश प्रजापत सहित कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## नकली घी के संदेह पर 1602 लीटर घी जब्त

**पाली**, (नि.सं.)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को पाली जिले के सुमेरपुर में कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने नकली घी के संदेह पर कुल 1602 लीटर घी जब्त कर सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया गया।

आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के निर्देशानुसार सुमेरपुर में पाली सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने सुमेरपुर कस्बे में श्री सुंधा माता मार्केटिंग सुमेरपुर पर नकली घी के संदेह पर 1602 लीटर ब्रांड गोधारा के नाम से बेच रहे घी को जब्त कर सैंपल लेकर नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए। शुक्रवार को पाली सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के निर्देश पर की गई कारवाई में उप निरीक्षक पुलिस थाना सुमेरपुर निर्मल कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह इंदा, चिकित्साकर्मी सवाईसिंह, पुलिस कांस्टेबल राजकुमार, किशोर सिंह, ऑपरेटर ओमप्रकाश प्रजापत भी साथ रहे। आमजन को शुद्ध आहार मिले, इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। जिले में विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थ के सैंपल ले रहे हैं। आमजन को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है।

## विजय दिवस मनाया

**धोरीमना**, (निसं)। कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना की ओर से शुक्रवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी पनाराम ने बताया कि विद्यालय की वंदना सभा में कारगिल विजय में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीदों को याद किया गया।

## लापरवाही के आरोप से अस्पताल व डॉक्टर मुक्त

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में श्री माहेश्वरी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर , जैसलमेर और उसके डॉक्टरों को प्रसवोत्तर मृत्यु मामले में चिकित्सा लापरवाही के आरोप से मुक्त कर दिया है। यह मामला रघुवीरसिंह भाटी द्वारा 2016 में दायर किया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी प्रियंका भाटी की मृत्यु अस्पताल और डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई थी।

रघुवीरसिंह भाटी ने अपनी शिकायत में कहा कि उनकी पत्नी का प्रसव 25 अगस्त 2015 को अस्पताल में हुआ था, जिसमें प्रियंका भाटी ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रसव के बाद डॉक्टरों ने उनकी पत्नी के उपचार में लापरवाही बरती, जिससे उनकी मृत्यु हुई। उन्होंने अस्पताल के खिलाफ मुआवजे की मांग की थी।

## प्रवेश की प्रथम वरीयता सूची जारी

**बालोतरा**, (निसं)। राजकीय आई.टी.आई० बालोतरा में सत्र 2024 में प्रवेश लेने वाले सभी व्यवसाय की प्रथम वरीयता सूची जारी की जा चुकी है आवेदन पत्र एवं सभी मूल दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है।

## लाठी प्रशिक्षण शिविर एवं खेल प्रति. आयोजित

**जालौर**, (कासं)। जालौर जिले के मुख्यालय पर स्थित आर्य सुभाष व्यायाम शाला, लाल पोल जालौर में लाठी प्रशिक्षण एवं खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जालौर जिले के खिलाडयिों ने भाग लेकर प्रशिक्षण के साथ खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जुनियर वर्ग से बालिका वर्ग में सपना प्रथम, करीना द्वितीय, सुमित्रा तृतीय,बालक वर्ग में महावीर प्रथम, अर्जुन द्वितीय अमृत तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से सिनियर वर्ग प्रतियोगिता में अनुराधा ने प्रथम, कंचन द्वितीय, पन्ना तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में मोहित प्रथम वीरेंद्र द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। मुख्य अतिथि अंतरराष्टीय खेल तकनीकी अधिकारी दलपत सिंह आर्य, आर्य वीर दल अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य, ने प्रशिक्षण एवं खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।


न्यायालय :- जिला न्यायाधीश, जालोर ( राज. )
बइजलास:- श्री हारून "आर.जे.एस." (जिला जज संवर्ग)
दी.वि. प्रकरण संख्या:- 14/2024
तारीख पेशी :- 30.08.2024
मयंक सेठिया पुत्र स्व. रमेश कुमार सेठिया, उम्र 29, जाति जैन, निवासी कांगो की सेरी, आहोर, तह. आहोर, जिला जालोर .....प्रार्थी
बनाम
1.संगीता सेठिया पत्नी स्व.रमेश कुमार सेठिया, उम्र 59 वर्ष, जाति जैन, निवासी 1068 सदर बाजार आहोर तह.आहोर जिला जालोर
2. राकेश सेठिया पुत्री स्व. रमेश कुमार सेठिया उम्र 40 वर्ष जाति जैन निवासी सराफियो की सेरी आहोर तह.आहोर,जिला जालोर
3. सैजल जैन पुत्री स्व. रमेश कुमार सेठिया पत्नी विक्रम जैन उम्र 34 वर्ष जाति जैन निवासी सराफियो की सेरी ,आहोर तह.आहोर,जिला जालोर
4. अंकेश सेठिया पुत्र स्व. रमेश कुमार सेठिया, उम्र 30 वष जैन निवासी सराफियो की सेरी, आहोर तह.आहोर,जिला जालोर
5. हर आम व खास ......अप्रार्थीगण
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम
हर आम व खास को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मंयक सेठिया को उसके मृतक पिता रमेश सेठिया नाम से भारतीय स्टेट बैंक के कुल 560 शेयर जरिये फोलियो संख्या 07525077 को प्राप्त करने हेतु प्रार्थी के पक्ष मे उत्ताधिकार प्रमाण प्रत्र जारी करने का प्रार्थना प्रत्र पेश किया अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर/ऐतराज हो तो असालतन/वकालतन न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 30.08.2024 को पेश करे, अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 24.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
मोहर
जिला न्यायालय जालोर ( राज. )



कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं सचिव नगर विकास न्यास, जैसलमेर
सं. 714 | लोक सूचना | दिनांक: 26.07.2024
1. श्रीमती कमलकिशोर भाटिया पुत्र श्री गोपीकिशन भाटिया एवं श्रीमती मधुबाला भाटिया पत्नी श्री कमल किशोर भाटिया निवासी केवलियो की गवाडी , जैसलमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र | उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| जैसलमेर | सडिया | 83/249 व 83/250 | 54688.00 वर्गमीटर | रिसोर्ट प्रयोजनार्थ (पर्यटन ईकाई) |
| जैसलमेर | सडिया | 87 | 254 मीटर लम्बे एवं 18 मीटर चौडा | पहुँच मार्ग आवंटन हेतु |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्तारकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26.07.2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी एवं सचिव नगर विकास न्यास जैसलमेर



कार्यालय ग्राम पंचायत देसु पंचायत समिति, जालोर
क्रमांक: ग्राप/निविदा/2024-25/33 | दिनांक:26/07/2024
ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25
पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत देसु के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गॉधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पाारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजिकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं)/फर्मो/ संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।
UBN No.- ZJR2425GLOB00257 NIB No.- ZJR2425A0203
सरपंच ग्राम पंचायत देसु पंचायत समिति जालोर | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देसु पंचायत समिति जालोर



कार्यालय ग्राम पंचायत बाकरारोड पंचायत समिति, जालोर
क्रमांक: ग्राप/निविदा/2024-25/63 | दिनांक: 26/07/2024
ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25
पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाकरारोड के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गॉधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पाारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजिकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं)/फर्मो/ संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।
UBN No.- ZJR2425GLOB00259 NIB No.- ZJR2425A0205
सरपंच ग्राम पंचायत बाकरारोड पंचायत समिति जालोर | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बाकरारोड पंचायत समिति जालोर



ENGINEERING COLLEGE BHARATPUR
(A Constituent College of Rajasthan Technical University, Kota)
Village-Shyorana, Near Sewar & National Highway-21, Bharatpur-321303
www.ecbharatpur.ac.in Email : principal.gecbharatpur@gmail.com Ph.: 05644-234911
No. F1(1)/GECBH/2024-25/RHTEQIS/Recruitment (ATA)/41 Date: 25.07.2024
CONTRACTUAL APPOINTMENTS (ASSISTANT TEACHING ASSOCIATES)
In compliance of the Technical Education Department, Govt. of Rajasthan order No. एफ 11(4)त.शि./2001 पार्ट वोल्यूम-1 दिनांक 03.05.2023 applications, in prescribed format, are invited from interested eligible candidates for contractual appointment on the post of **Assistant Teaching Associate** in various departments under Rajasthan Higher Technical Education Quality Improvement Scheme (RHTEQIS) at monthly fixed remuneration of INR 28850/- (Rupees Twenty Eight Thousand Eight Hundred Fifty only).

| CSE (A.I.&D.S.)-01 | CSE-02 | Mechanical Engineering-01 | Maths-01 | Total |
|---|---|---|---|---|
| SC(F)-01 | UR(F)(Widow)-01 EWS-01 | ST-01 | UR-01 | 05 |

**For Physically Challenged Reservation as per norms.
These contractual appointments, on merit basis, shall be made under Rajasthan Contractual Hiring on Civil Posts Rules 2022 for a period of ONE YEAR (extendable on satisfactory performance) or termination of the Scheme, whichever is earlier. Qualifications and experience for these posts will be as per norms of AICTE/UGC applicable for Teaching Posts as on date. Reservation applicable as per DOP, Govt. of Raj. order no. प. 7(2)कार्मिक/क-2/19, दिनांक 24.02.2020.
**Candidate will have to attach following documents with application :**
DD/BC for INR 200/- (Two Hundred only) towards application fee in favor of **Principal Engineering College Bharatpur**, Self-attested photo copies of Educational qualifications (mark sheets & certificates), GATE Score Card, Caste Certificate, Certificates of experience, document related to conversion of CGPA into percentage.
**Age Limit :** 40 years Maximum. Relaxation as per DOP order No. F. 17(4)DOP/A-2/2014, 11.01.2022 Last date for submitting hard copy of application **by registered speed post** is **16.08.2024**. College will not be held responsible for any postal delay and will be treated rejected.
Application form, rules and related documents are available on www.ecbharatpur.ac.in
PRINCIPAL